### एक नजर में

## सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस कर रही चेकिंग

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। सड़क सुरक्षा को व्यापक जनभागीदारी का रूप देने और यातायात अनुशासन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस द्वारा पूरे जिले में विशेष वाहन चेकिंग अभियान संचालित किया गया।**

पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में यह अभियान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सक्रिय रूप से चलाया गया। पुलिस टीमों ने मुख्य मार्गों चौकों तथा भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वाहनों की गहन जांच करते हुए नागरिकों को हेलमेट सीट बेल्ट और यातायात नियमों के अनिवार्य पालन के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सभी थाना प्रभारियों को जिले की सीमाओं पर सतत निगरानी रखने तथा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाने के लिए वाहनों की कठोर चेकिंग करने के निर्देश दिए हैं।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह तथा एसडीओपी टीकमगढ,जतारा के पर्यवेक्षण में कुल 342 वाहनों की जांच की गई जिनमें से 32 वाहनों पर 12.200 के चालान जारी किए गए।

# प्रशासन ने किसान की मौत के मामले में दिए जांच के निर्देश

**मामले को लेकर जिला प्रशासन ने दी सही जानकारी**

**मृतक के परिवार को स्वीकृत की आर्थिक सहायता**

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। जिले में यूरिया खाद लेने के दौरान खड़े किसान जमुना कुशवाहा की मौत को लेकर उठे सवालों पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को अपना पक्ष रखा। प्रशासन ने बताया कि किसान की तबीयत 8 दिसंबर को बड़ौरा घाट स्थित एक निजी खाद विक्रय केंद्र पर अचानक बिगड़ी थी जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। प्रशासन ने इस मामले में अपना पक्ष रखते हुए जांच के आदेश दिए है।**

एसडीएम संस्कृति लिटोरिया ने बताया कि 52 वर्षीय जमुना कुशवाहा को 7 दिसंबर को टोकन के माध्यम से दो बोरी यूरिया और एक बोरी एनपीके खाद उपलब्ध कराई गई थी। प्रशासन ने मृतक के परिवार को अंत्येष्टि सहायता राशि के साथ उनके कर्मकार मंडल कार्ड





के आधार पर 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता भी स्वीकृत की है।घटना सोमवार 8 दिसंबर को दोपहर लगभग 12.45 बजे हुई। बड़ौराघाट डबल लॉक खाद वितरण केंद्र में उनकी तबीयत अचानक बिगड़ी। तत्काल मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार कुंडेश्वर और दो पटवारियों ने किसान को सरकारी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया।जिला अस्पताल में डॉक्टर अजीत जैन ने जमुना कुशवाहा का परीक्षण किया। मरीज ने घबराहट और उल्टी की शिकायत की। प्रारंभिक ईसीजी रिपोर्ट सामान्य आई। परिजनों को लगभग 15



Sale To Farmer

Retailer Name & Address
Tikamgarh MP
Retailer Id 124544
Certificate No 93/26.11.18
GSTIN 23AABA14628H1ZM
Invoice No.
32454425120712132132
DateTime 07/12/2025 12:32

Buyer Name Jamna Kushwaha
Buyer Address
Payment Mode: Cash

CPP | Qty(Unit) | Price(Rs) |
Amount(Rs)

मिनट में अस्पताल बुलाया गया।दोपहर करीब 2.30 बजे दिल में तेज दर्द की शिकायत आने पर दोबारा ईसीजी किया गया जिसमें दिल के दौरे के लक्षण पाए गए।

उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। एसडीएम ने बताया कि जमुना कुशवाहा को 7 दिसंबर को दोपहर 12.32 बजे उनकी भूमि के लिए आवश्यक यूरिया और एनपीके खाद प्रदान की गई थी। 8 दिसंबर को जब उनकी तबीयत खराब हुईए वे बड़ौराघाट के निजी खाद वितरण केंद्र पर मौजूद थे।

प्रशासन ने यह भी कहा कि मौत की वजह सीधे खाद से संबंधित नहीं है और घटना की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जिले में यूरिया खाद लेने के दौरान खड़े किसान जमुना कुशवाहा की मौत को लेकर उठे सवालों पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को अपना पक्ष रखा। प्रशासन ने बताया कि किसान की तबीयत 8 दिसंबर को बड़ौरा घाट स्थित एक निजी खाद विक्रय केंद्र पर अचानक बिगड़ी थी जिसके बाद इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

इस मामले को लेकर प्रशासन ने अपना पक्ष रखकर सारे घटना क्रम की सही जानकारी से मीडिया को अवगत करया है। प्रशासन ने बताया है कि मौत की वजह सीधे खाद से संबंधित नहीं है और घटना की सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। जिले में यूरिया खाद लेने के दौरान खड़े किसान जमुना कुशवाहा की मौत को लेकर उठे सवालों पर जिला प्रशासन ने मंगलवार को अपना पक्ष रखा। इस मामले को लेकर प्रशासन हर पहलू पर जांच करा रहा है। तत्काल मौके पर मौजूद नायब तहसीलदार कुंडेश्वर और दो पटवारियों ने किसान को सरकारी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में डॉक्टर अजीत जैन ने जमुना कुशवाहा का परीक्षण किया।

### प्रशासन ने रखा अपना पक्ष

प्रदेशभर में इस समय खाद का संकट है। किसान लाइन में लगकर भी खाली लौट रहे हैं। टीकमगढ़ के बडौरा घाट वितरण केंद्र पर तीन दिन से खाद के लिए लाइन लगा रहे 50 वर्षीय किसान जमुना कुशवाहा की सोमवार दोपहर हार्ट अटैक से मौत हो गई। वे सुबह केंद्र पहुंचे थे जहां 12 बजे अचानक चक्कर आकर गिर पड़े। प्रशासन ने उपचार के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। इस मामले में प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि किसान की मौत अटैक आने से हुई है।

## बच्चों को मीनू अनुसार नहीं मिल रहा भोजन



**नवभारत न्यूज खरगापुर। विकासखंड बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मातौल के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में छात्राओं को मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है। इसके अलावा बच्चों को भरपेट भोजन भी नसीब नही हो रहा है।**

जानकारी देते हुए बच्चों ने बताया कि हमें दो पूडी से ज्यादा समूह संचालक के द्वारा नहीं दी जाती हैं। मांगने पर मना कर दिया जाता है एवं मंगलवार को कभी भी खीर नहीं दी जाती है। वही बच्चों ने बताया कि हमने कई बार प्रधानाध्यापक से इसकी शिकायत की है लेकिन इस पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता हैं। श्री नरसिंह स्व सहायता समूह मातौल के द्वारा शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में मध्यान भोजन मैं लापरवाही देखने को मिली है। यह प्राथमिक शाला संकुल केंद्र खरगापुर अंतर्गत आता है। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक लाल सिंह सिसोदिया से फोन पर बात तो उन्होंने बताया कि आप के द्वारा इस मामले की जानकारी मुझें मिली है में समूह संचालक को आवश्यक निर्देश देकर इस व्यवस्था में सुधार करने को कहूंगा । विकासखंड बल्देवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत मातौल के शासकीय कन्या प्राथमिक शाला में छात्राओं को मीनू अनुसार भोजन नहीं दिया जाता है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में जनसुनवाई बनी मजाक





**नवभारत न्यूज मोहनगढ़। मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाली पंचायतों में आयोजित की जा रही जनसुनवाई की मंगलवार को दैनिक नवभारत ने पड़ताल की। इस दौरान पाया गया कि चार पंचायतों बिंदारी खास,बरेठी,खाकरोंन, और विशभानपुरा में 11 से एक बजे तक ताला नहीं खुला और फ रियादी इंतजार करते रहे।**

बरेठी गांव के ग्रामीणों ने बताया ग्राम पंचायत भवन में जनसुनवाई की जानकारी तक ग्रामीणों को नहीं दी जाती है। इस कारण ग्रामीणों को पता ही नहीं कि उनकी समस्याओं का निराकरण भी पंचायत स्तर पर हो सकता है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि वे कई समस्याओं को लेकर आते हैं पर मंगलवार को जनसुनवाई नहीं की जाती। मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाली पंचायतों में आयोजित की जा रही जनसुनवाई की मंगलवार को दैनिक नवभारत ने पड़ताल की। इस दौरान पाया गया कि चार पंचायतों बिंदारी खास,बरेठी, खाकरोंन, और विशभानपुरा में 11 से एक बजे तक ताला नहीं खुला और फ रियादी इंतजार करते नजर आए।

## गर्म कपड़ों की खरीददारी जोरों पर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। पिछले 48 घंटों से चल रही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया वहीं दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली है। अचानक हुई सर्दी से लोग बीमार हो रहे है। अचानक हुए मौसम में बदलाव के चलते सर्दी का प्रकोप बढ़ चुका है। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपड़ों की खरीददारी करने में जुटे हुए है।**

भू अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। सोमवार को अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री और न्यूनतम 13.02 डिग्री था। मंगलवार को यह 26.2 और 13.5 डिग्री रहा।बुधवार को दिन का तापमान 25.8 और रात का 11.7 डिग्री जबकि गुरुवार को अधिकतम 24.6 और न्यूनतम 11.5 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान में और गिरावट आई जो 10.6 डिग्री दर्ज किया गया।विशेषज्ञ के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में मौसम साफ रहने की संभावना है। पिछले 48 घंटों से चल रही सर्द हवाओं ने ठंड बढ़ा दी है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10.6 डिग्री दर्ज किया गया वहीं दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री रहा। हालांकि दिन में धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली है। अचानक हुई सर्दी से लोग बीमार हो रहे है।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में 22 से होगी श्रीराम कथा



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। प्राचीन झिरकी बगिया हनुमान मंदिर में 22 से 28 दिसंबर तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा। खजुहा धाम के महंत संत रसिकेश्वर दास महाराज कथा का वाचन करेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई।**

मंदिर के महंत रामदास महाराज ने बताया कि झिरकी बगिया मंदिर में प्रतिवर्ष गुरुदेव भगवान श्री त्यागी महाराज की पुण्यतिथि पर धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी परंपरा के तहत इस वर्ष भी श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है।बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। कार्यक्रम के संयोजक रामगोपाल शर्मा ने सभी उपस्थित लोगों से कथा को भव्य और दिव्य बनाने के लिए मिलकर प्रयास करने का आग्रह किया। कथा की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए अगली बैठक 14 दिसंबर रविवार को आयोजित की जाएगी। बैठक के बाद सभी ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान महेंद्र द्विवेदी, विभोर पांडे, मनीराम कठेल, शशिकांत चतुर्वेदी सहित कई रामभक्त उपस्थित रहे।

## तंबाकू के सेवन न करने की दिलाई शपथ

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पीके माहौर निर्देशन में एवं डॉ अमित शुक्ला सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-2 टीकमगढ़ में आज छात्र छात्राओं को तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने व अपने परिजनों, मित्रों या परिचितों को भी तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने के लिए जिला चिकित्सालय नोडल अधिकारी एनटीसीपी डॉ वरदत्त जैन द्वारा शपथ दिलाई गई। साथ ही छात्र छात्राओं को जागरूक करने के लिए कोटपा अधिनियम 2003 की धारा 4,5,6,7 के प्रावधानों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।

## हत्या के सभी आरोपियों पर इनाम घोषित

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बकपुरा गांव में हुई हत्या के आरोपी 48 घंटे बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सोमवार रात फरार चल रहे चारों आरोपियों पर 10.000 रुपए का इनाम घोषित किया है।**

यह घटना 6 दिसंबर को हुई थी। फ रियादी दलबीर सिंह सोलंकी निवासी बकपुरा ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि बगाज माता के पास स्थित कटर वाले खेत में मवेशी घुसने को लेकर विवाद हुआ था।विवाद के दौरान आरोपी राघवेंद्र सिंह सोलंकी, अनिल प्रताप सिंह सोलंकी, अभय प्रताप सिंह सोलंकी और अजय सिंह सोलंकी, सभी निवासी बकपुरा ने उरसाब सिंह पर कुल्हाड़ी और लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में उरसाब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। कोतवाली



थाने में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। घटना के बाद से ही सभी आरोपी फरार हैं।

उनकी गिरफ्तारी के लिए चार अलग-अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस द्वारा हरसंभव प्रयास किए जाने के बावजूद आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इसी के चलते चारों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 10.000 रुपये का इनाम घोषित किया गया है। सूचना देने वाले व्यक्ति को यह इनाम राशि दी जाएगी। बकपुरा गांव में हुई हत्या के आरोपी 48 घंटे बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने सोमवार रात फ रार चल रहे चारों आरोपियों पर 10.000 रुपए का इनाम घोषित किया है।

## पुलिस ने नई दिशा विकसित के तहत सुनी समस्याएं

**पुलिस ने जनता को दिया निराकरण का आश्वासन**

**एसपी आलोक कुमार के निर्देशन में हुई जनसुनवाई**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। पुलिस प्रशासन को अधिक मानव-केंद्रित, सहानुभूतिपूर्ण और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार के निर्देशन में संवेदनशील पुलिसिंग की एक नई दिशा विकसित की जा रही है।जिसके तहत मंगलवार को जनसुनवाई में लोगों की समस्याएं सुनी गई।**

जनता की हर छोटी-बड़ी परेशानी तक पहुँचना और उसे ईमानदारी से समझना इसी सोच के साथ जिले के प्रत्येक थाना, चौकी और जिला मुख्यालय पर प्रत्येक मंगलवार जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। हर नागरिक को यह महसूस



हो कि उसकी बात सच में सुनी और समझी जा रही है। पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों से शांत, धैर्यपूर्ण और आत्मीय बातचीत की। प्रत्येक समस्या को गंभीरता और संवेदनशीलता से सुना गया। कई शिकायतों का समाधान वहीं पर तत्परता से किया गया। जिन प्रकरणों पर विस्तृत जांच की आवश्यकता थी, उनमें निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यवाही का भरोसा दिया गया। नागरिकों ने खुलकर अपनी परेशानियाँ रखीं और इस पहल को सकारात्मक व आश्वस्त करने वाला बताया। महिलाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगजन और जरूरतमंद नागरिकों की शिकायतों को प्राथमिकता दी गई। हर आवेदन पर मानवीय दृष्टि, संयम और पारदर्शिता से कार्यवाही का आश्वासन दिया। सभी अनुभागों में एसडीओपी द्वारा सीधे संवाद की व्यवस्था से नागरिकों में भरोसा और बढ़ा। थाना और चौकी स्तर तक जनसुनवाई पहुँचाने का प्रयास, ताकि किसी भी नागरिक को दूरी या कठिनाई बाधा न बने। पुलिस कार्यशैली में संवेदनशीलता, सहयोग, जवाबदेही और विनम्रता को केंद्र में रखा गया।

पुलिस का लक्ष्य है कि विश्वास, सम्मान और सहयोग को आधार बनाकर ऐसी पुलिसिंग स्थापित की जाए जो जनता के हृदय से जुड़ी हो जहाँ हर व्यक्ति बिना हिचकिचाहट कह सके मेरी समस्या की सुनवाई होगी, और समाधान भी मिलेगा। आने वाले दिनों में जनसुनवाई एवं नागरिक संवाद शिविरों की यह श्रृंखला निरंतर जारी रहेगी, ताकि पुलिस और नागरिकों के बीच का रिश्ता और अधिक सहयोगपूर्ण, भरोसेमंद और मानवीय बन सके।

**प्रदर्शन** — खरगापुर में कृषि विभाग के अधिकारी के वाहन की निकाली हवा

# खाद की कमी को लेकर परेशान किसानों का प्रदर्शन

**नवभारत न्यूज टीकमगढ। यूरिया खाद की कमी से परेशान किसानों ने मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं खरगापुर में खाद वितरण केंद्र पर पहुंचे उपसंचालक कृषि आरके शर्मा के चार पहिया वाहन के टायर की हवा भी किसानों ने निकाल दी।**

दरअसल किसान पिछले एक महीने से यूरिया खाद के लिए परेशान हैं। एक दिन पहले बल्देवगढ़ और खरगापुर में भी किसानों ने जाम लगाकर प्रदर्शन किया था। मंगलवार को टीकमगढ़-झांसी हाईवे रोड पर कलेक्ट्रेट दफ्तर के सामने किसान धरने पर बैठ गए। किसानों का



आरोप है कि लगातार चक्कर काटने के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल रहा है। जाम लगने की सूचना मिलते ही कोतवाली और देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीएम और तहसीलदार किसानों को समझाने में जुटे रहे। खरगापुर में डीडीए शर्मा को किसानों ने बताया कि मंडी में दुकान नंबर 37 में एक व्यापारी ने खाद का स्टॉक कर रखा है। किसानों ने अधिकारियों के सामने दुकान खुलवाकर खाद वितरण कराने की मांग की। इस पर डीडी शर्मा ने किसानों से खाद वितरण कराने की बात कहकर उन्हें मंडी ले गए। हालांकि वहां पहुंचकर वे खाद वितरण कराने से मुकर गए। उनका कहना था कि व्यापारी नहीं आ रहे हैंए इसलिए वे गोदाम सील कर रहे हैं। लेकिन किसान नहीं माने और वितरण कराने की मांग पर अड़े रहे। जब डीडी शर्मा अपने वाहन से वापस आने लगे तो किसानों ने उनके वाहन के टायर की हवा निकाल दी। किसानों का कहना था कि अधिकारी उन्हें तहसील के सामने से हटाने के लिए झूठ बोलकर मंडी लाए थे। यूरिया खाद की कमी से परेशान किसानों ने मंगलवार सुबह करीब 11.30 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सामने सड़क जाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं खरगापुर में खाद वितरण केंद्र पर पहुंचे उपसंचालक कृषि आरके शर्मा के चार पहिया वाहन के टायर की हवा भी किसानों ने निकाल दी।

### खरगापुर में भी खाद की समस्या

यूरिया खाद की कमी से परेशान किसानों ने बल्देवगढ़ और खरगापुर में सड़कों पर जाम लगा दिया। पलेरा में भी किसानों ने प्रदर्शन किया और तहसीलदार को ज्ञापन दिया। सोमवार को कृषि विभाग के अधिकारी का वाहन रोककर तहसील के सामने पलेरा मार्ग पर किसानों ने विरोध जताया। किसानों ने बताया कि उन्हें पिछले एक हफ्ते से खाद नहीं मिल रही है।

## नवीनीकरण के लिए लेनी होगी मान्यता

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़।** राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 8वीं तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है। सत्र 2026-27 नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण के लिए अशासकीय स्कूलों में निर्धारित प्रक्रिया से आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। अंतिम तिथि से पूर्व अशासकीय स्कूलों द्वारा नवीन मान्यता, मान्यता नवीनीकरण हेतु आरटीई एमपी मोबाईल ऐप के माध्यम से निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकेगा। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत कक्षा 8वीं तक के समस्त अशासकीय स्कूलों को मान्यता लेना अनिवार्य है।

## निर्वाचन आयोग द्वारा उपचुनाव कार्यक्रम जारी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम अंतर्गत पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु कार्यक्रम विहित किया गया है। कार्यक्रम अनुसार जिले में एक जनपद पंचायत सदस्य, एक सरपंच तथा 8 पंच पदों हेतु उप निर्वाचन होना है।**

जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के वार्ड क्रमांक 7 में जनपद पंचायत सदस्य के लिये, जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में सरपंच पद के लिये निर्वाचन कार्यक्रम विहित किया गया है। साथ ही जनपद पंचायत जतारा की ग्राम पंचायत बाजीतपुरा में वार्ड क्रमांक 14, जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बुड़ेरा में वार्ड क्रमांक 3, ग्राम पंचायत दरी में वार्ड क्रमांक 12, ग्राम पंचायत दरी में वार्ड क्रमांक 16 तथा जनपद पंचायत बल्देवगढ़ की ग्राम पंचायत खजरार में वार्ड क्रमांक 3, ग्राम पंचायत खरीला में वार्ड क्रमांक 1, ग्राम पंचायत नारायणपुर में वार्ड क्रमांक 14 एवं ग्राम पंचायत खरों में वार्ड क्रमांक 11 में पंच पद हेतु निर्वाचन कार्यक्रम विहित किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रशासन तथा नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करना 8 दिसम्बर को, नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 15 दिसम्बर, नाम निर्देशन-पत्रों की संवीक्षा 16 दिसम्बर, अभ्यर्थिता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 18 दिसम्बर, निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना अनिवार्य है।मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम अंतर्गत पंचायतों के उप निर्वाचन वर्ष 2025 हेतु कार्यक्रम विहित किया गया है। कार्यक्रम अनुसार जिले में एक जनपद पंचायत सदस्य, एक सरपंच तथा 8 पंच पदों हेतु उप निर्वाचन होना है।